तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 17 अप्रैल 2025

13 3 जैन संतों से हुए दुर्व्यवहार से जैन समाज आक्रोशित,...



14 उदंती अभ्यारण में राजकीय पशु वनभैंसा ...








## खबर संक्षेप

### हाईटेंशन तार की चपेट मे आने से राजमिस्त्री घायल

नर्रा। हाईटेंशन तार की चपेट में आकर एक राजमिस्त्री घायल हो गया। ग्राम नर्रा निवासी मुकेश पटेल पिता पंडूराम (30 वर्ष) ठेकेदार विनोद साहू ग्राम मुडागांव ओडिशा के अंडर में राज मिस्त्री काम करता था। आलोक अग्रवाल वार्ड क्रमांक 8 खरियार रोड में चल रहे मकान निर्माण में काम कर रहा था। ऐसा जानकारी मिली है कि इस मकान के ऊपर से हाईटेंशन 11 हजार केवी तार गुजरा हुआ है । बीते गुरुवार 3 अप्रैल को करंट के चपेट आने से नर्रा निवासी मुकेश पटेल बुरी तरह से झुलस गया। उसका साथ काम कर रहे मेघराज पांडे और जागेश्वर यादव बाल-बाल बच गए । मुकेश आनन फानन मे नुआपाड़ा अस्पताल ले जाया गया जहां गंभीर हालत को देखते हुए वहां के डाक्टारों ने रायपुर रेफर कर दिया। रायपुर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है । मिली जानकारी के अनुसार मुकेश पटेल का हाथ बुरी तरह से करंट मे सुलझ जाने से उनके दोनो हाथ के कोहनी तक काटा गया है । उनके लाज के लिए नर्रा राज मिस्त्री संघ के द्वारा राशि एकात्रित कर उनके परिजनो दिया गया।

## अभियान : मैनपुर ब्लॉक में मिले 19 हजार 325 आवेदन

# सुशासन तिहार में ज्यादातर ग्रामीणों ने मांगा प्रधानमंत्री आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

सुशासन तिहार में सबसे ज्यादा मांग प्रधानमंत्री आवास के लिए आई है पूर्ववर्ती सरकार में पीएम आवास योजना ठप सी हो गई थी। इस मुद्दे को खुब उछाला गया, अब छत्तीसगढ़ में भी भाजपा की सरकार है और केन्द्र में भी भाजपा की सरकार है। पीएम आवास योजना सरकार की प्राथमिकता में है इसलिए जनता सुशासन तिहार के माध्यम से पीएम आवास निर्माण के लिए जमकर आवेदन किये है।

■ पानी, बिजली, बेजाकब्जा की समस्या मुक्ति के लिए भी लगाई अर्जी

जानकारी के अनुसार मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में लगभग 8 हजार से ज्यादा लोगो ने प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन दिये है इसके अलावा पानी, बिजली, सड़क, बेजाकब्जा की समस्या, पेयजल को लेकर भी आवेदन आये है। बताते चले कि सुशासन तिहार के पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक आवेदन मंगाये गये जिसके लिए समाधान पेटी जगह–जगह रखी गई थी। सभी ग्राम पंचायतो में आवेदन देने के लिए भारी भीड़ देखी गई। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर विकासखण्ड में कुल 19325 आवेदन प्राप्त हुए है जिसमें मांग के 19177 एवं शिकायत के 148 आवेदन मिले है। मैनपुर ब्लॉक में राजस्व विभाग को 1271, पंचायत विभाग को 10416, वन विभाग को 114, महिला एवं बाल विकास विभाग को 1358, शिक्षा विभाग को 270, कृशि विभाग को 1292, लोक निर्माण विभाग को 66, आदिम जाति कल्याण विभाग 25, समाज कल्याण विभाग को 564, स्वास्थ्य विभाग को 88, मतस्य विभाग को 44, आबकारी विभाग को 6, बिजली विभाग को 367, पुलिस विभाग को 2, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना 84, पशु चिकित्सा विभाग 255, उद्यानिकी विभाग 22, जल संसाधन विभाग 152, खाद्य विभाग 1788, राजीव गांधी शिक्षा मिशन 8, पशुधन विभाग 103, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग 10, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग 340, सहकारिता विभाग 11, रोजगार कार्यालय 5, जिला अन्याव्यासी विभाग 12, खादी ग्राम उद्योग 11, श्रम विभाग 60, उद्योग विभाग 15, क्रेडा विभाग 528 एवं बैंक को 38 आवेदन प्राप्त हुए है।

### आवेदन में मुख्यमंत्री को मैनपुर आने का दिया निमत्रंण



सुशासन तिहार में जहां ग्रामीणों ने अनेक तरह की समस्याओं की समाधान के लिए आवेदन दिया तो वही मैनपुर के युवा सौरभ पटेल ने सुशासन पेटी में आमंत्रण पत्र डालकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मैनपुर आने का निमंत्रण दिया। सौरभ पटेल ने बताया मैनपुर में आज तक 25 वर्षो में सिर्फ मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह एक बार पहुंचे है उसके बाद कोई भी मुख्यमंत्री मैनपुर नगर नही पहुंचे है जबकि मैनपुर नगर गरियाबंद जिले के काफी महात्वपूर्ण ब्लाक में एक है यहां किमती रत्न हीरा निकलता है खनीज सम्पदा से भरा क्षेत्र है और तो और वन संम्पदा से भी भरा क्षेत्र है उन्होने बताया मैनपुर के लोग लम्बे समय से सड़क, पेयजल,स्वास्थ्य,डॉक्टर की मांग कर रहे है मेरा मानना है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हमारे आमंत्रण पर मैनपुर आयेगें तो सभी समस्याओं का समाधान हो जायेगा इसलिए हम अपने लोकप्रिय मुख्यमंत्री विष्णुदेवसाय को मैनपुर आने का निमंत्रण सुशासन तिहार के माध्यम से दिए है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

मैनपुर जनपद पंचायत के पंचायत इस्पेक्टर राजकुमार ध्रुवा ने बताया मैनपुर ब्लॉक में सुशासन तिहार के माध्यम से 19325 आवेदन प्राप्त हुए है सभी आवेदनो का निराकरण किया जायेगा, अभी विभागवार छटनी किया जा रहा है।

# पुलिस की गिरफ्त में शराब तस्कर, आरोपी के खेत से 105 लीटर कच्ची शराब बरामद



**गरियाबंद/फिंगेश्वर** । अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में गरियाबंद पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम मंदबाय बम्हनदेही में एक खेत से 105 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। फिंगेश्वर थाना प्रभारी निरीक्षक पवन वर्मा को मुखबिर से सूचना मिली थी कि यशवंत कुमार कमार नामक युवक अपने खेत में बड़ी मात्रा में कच्ची महुआ शराब छुपाकर रखा है और ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना ⏭ शेष पेज 12 पर

■ नया सवेरा अभियान के तहत फिंगेश्वर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# मोर दुआर, साय सरकार महाअभियान के तहत 30 अप्रैल तक चलेगा विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आ वा स योजना-ग्रामीण अंतर्गत जिले के स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं आवास प्लस सूची में छूटे हुए पात्र ग्रामीण परिवारों को लाभांवित करने और उनकी पहचान के लिए सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसी के तहत छत्तीसगढ़ में नये आवास सर्वेक्षण को शत-प्रतिशत पूर्ण कराने हेतु मोर दुआर, साय सरकार महाअभियान के तहत 15 से 30 अप्रैल, 2025 की अवधि में विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा का आयोजन कराया जा रहा है।

■ पीएम आवास योजना के पात्र ग्रामीण परिवारों की होगी पहचान




अभियान के प्रथम चरण में 19 अप्रैल 2025 तक जिला एवं ब्लॉक स्तर पर आवास सर्वे पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया है। इस दौरान सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, सदस्य, जनपद अध्यक्ष, सदस्यों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा सांकेतिक रूप से एक-एक परिवार का सर्वेक्षण किया जाएगा। द्वितीय ⏭ शेष पेज 12 पर

# नहर नाली पर अतिक्रमण को तत्काल हटाएं, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

खोरपा उपतहसील अंतर्गत ग्राम कोलर मे नहर नाली मे अतिक्रमण कर बनाई जा रही बाउड्री पर रोक लगाने जिला पंचायत सदस्य अन्नु तारक द्वारा एसडीएम(राजस्व) अभनपुर एवं एसडीओ एरिकेशन से बात कर नहर नाली को अतिक्रमण मुक्त कराने शिकायत किया गया था जिसपर तहसीलदार द्वारा स्थल निरीक्षण के लिए राजस्व निरीक्षक को भेजकर रिपोर्ट मंगवाई गई है जिसमे खसरा नंबर 162 रकबा 0.240 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर अभिषेक अग्रवाल पिता सत्यप्रकाश अग्रवाल द्वारा बाउड्रीवाल का निर्माण किया जा रहा है रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। अतिक्रमण साबित होने पर सिंचाई विभाग द्वारा नोटिस जारी कर निर्माणाधीन बाउड्री को तत्काल हटाने कहा गया है। जिला पंचायत सदस्य अन्नु तारक ने बताया कि नहर नाली को क्षतिग्रस्त कर बाउड्री का निर्माण किया जा रहा है,यह नहर नाली के पटरी से सैकड़ो किसानो का कृषि भूमि मे आने जाने के लिए रास्ता बंद हो गया है तथा जेसीबी से खुदाई करते समय नहर की लाईनिंग भी क्षतिग्रस्त हुई है उसकी क्षतिपूर्ति संबंधित व्यक्ति से की जाये। इस संबंध मे एरिकेशन विभाग के एसडीओ राजकुमार चन्द्रवंशी से जानकारी लेने पर उन्होने बताया कि मौके पर अमीन पटवारी को भेज कर रिपोर्ट मंगाई गई है तथा संबंधित व्यक्ति को नोटिस देकर बाउड्रीवाल हटाने के लिए कहा गया है।




## जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं सुधारने में लगे हैं राजिम विधायक

# विधायक और कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिला अस्पताल में अब व्यवस्थाएं सुधर रही हैं, स्टाफ समय पर आ रहे हैं और मरीजों को इलाज व भोजन की बेहतर सुविधा मिल रही है, यह कहना है राजिम विधायक श्री रोहित साहू का, जि न्हों ने हरिभूमि से विशेष चर्चा में जिला अस्पताल की व्यवस्था पर विस्तार से बात की।

■ अब मरीजों को मिल रही है बेहतर सेवाएं : विधायक रोहित साहू



विधायक रोहित साहू एवं कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने आज जिला चिकित्सालय पहुंचकर ओपीडी, महिला-पुरुष वार्ड, प्रसूति कक्ष, लैब सहित कई विभागों का निरीक्षण किया। मरीजों से सीधे संवाद कर इलाज, भोजन, दवाई और स्टाफ के व्यवहार की जानकारी ली। मरीजों ने बताया कि अब उन्हें समय पर दवाई मिल रही है और डॉक्टर-नर्स अच्छा व्यवहार कर रहे हैं।

**जन औषधि केंद्र 24 घंटे खुले रखने के निर्देश**- निरीक्षण के दौरान विधायक ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि जन औषधि केंद्र को चौबीसों घंटे खुला रखा जाए, ताकि गरीब मरीजों को सस्ती दवाइयां मिल सकें। साथ ही, जेनेरिक दवाओं को लेकर जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. गार्गी यदु पाल, सिविल सर्जन डॉ. टी.सी. पात्रा, डॉ. हरीश चौहान, डॉ. गजेन्द्र ध्रुव सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

### हरिभूमि से चर्चा में विधायक ने रखी उपलब्धियाँ सामने

हरिभूमि से चर्चा के दौरान विधायक रोहित साहू ने बताया कि महज 5 माह में 128 सिजेरियन डिलीवरी जिनमें अक्टूबर 2024 में 16, नवम्बर 2024 में 07, दिसम्बर 2024 में 16, जनवरी 2025 में 27, फरवरी 2025 में 25, मार्च 2025 में 20 डिलीवरी जिला अस्पताल में कराई गई है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अब हर माह 9 और 26 तारीख को निशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा भी दी जा रही है।

### जल्द मिलेगी नई सुविधा

विधायक श्री साहू ने बताया कि जिला मुख्यालय में एक माह के भीतर सिटी स्कैन मशीन की सुविधा शुरू होने जा रही है। इसके अलावा 220 बिस्तरों वाले नए अस्पताल की स्वीकृति मिल चुकी है, और उसके लिए जल्द ही जमीन आरक्षित की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

## मोर दुआर साय सरकार' महाभियान के तहत नए आवासों का सर्वेक्षण शुरू

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 'आवास प्लस 2.0' सर्वेक्षण पखवाड़ा के अंतर्गत छूटे हुए पात्र ग्रामीण परिवारों को लाभान्वित करने हेतु महासमुंद जिले में विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा की शुरुआत की गई है। यह कार्य 'मोर दुआर साय सरकार' अभियान के तहत किया जा रहा है यह अभियान 15 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं पूर्ववर्ती आवास प्लस सूची में छूटे हुए पात्र ग्रामीण परिवारों की पहचान कर उन्हें पक्के आवास का लाभ दिलाना है। इस अभियान के सम्बन्ध में जिला पंचायत महासमुंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी श्री एस. आलोक ने बताया कि 16 अप्रैल को राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य, 17 अप्रैल को सांसद एवं विधायक, 18 अप्रैल को जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य तथा 19 अप्रैल को जनपद अध्यक्ष एवं सदस्य एक-एक परिवार का प्रतीकात्मक सर्वेक्षण करेंगे। जनजागरूकता हेतु सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया गया है कि ग्रामीणों को अभियान की जानकारी कोटवार, पटेल, दीवार लेखन, पोस्टर, पांपलेट एवं सोशल मीडिया के माध्यम से स्थानीय भाषा में दी जाए। "मोर आवास - मोर अधिकार" और "मोर दुआर - साय सरकार" शीर्षकों के अंतर्गत ग्राम स्तर पर जनजागृति रैलियां भी आयोजित की जाए। इसके साथ जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि अभियान की थीम पर निबंध, चित्रकला, रंगोली, स्लोगन, कविता एवं गीत लेखन जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताएं कराई जाएं।

# बिहान योजना की बदौलत गांव की महिलाएं बन रही हैं उद्यमिता की प्रतीक

## "लखपति दीदी" जानकी नाग की बिहान योजना से आत्मनिर्भरता की ओर उड़ान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु चलाई जा रही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की बिहान योजना आज कई महिलाओं के जीवन में बदलाव की कहानी लिख रही है। इसी योजना की बदौलत छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले के ग्राम सिरको की जानकी नाग आज ग्रामीण आत्मनिर्भरता की प्रेरणादायक मिसाल बन चुकी हैं। उन्होंने न केवल स्वयं को आत्मनिर्भर बनाया, बल्कि अपने साथ गांव की कई अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार की राह दिखाई है।

जानकी नाग ने प्रगति स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपने आत्मनिर्भर जीवन की शुरुआत की। उन्हें योजना के तहत 15 हजार रुपए की रिवॉल्विंग फंड और बाद में 60 हजार रुपए का कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड मिला। इस पूंजी का उपयोग कर जानकी ने आटा चक्की और सिलाई मशीन जैसे स्वरोजगार के संसाधनों की स्थापना की और अपने व्यवसाय का विस्तार किया। समूह के मार्गदर्शन और बैंक ऋण की मदद से जानकी का व्यापार लगातार बढ़ता गया।





आज उनकी वार्षिक आय 80 हजार रुपए तक पहुंच चुकी है, और वे हर महीने औसतन 07 हजार रुपए की आय अर्जित कर रही हैं।

साल 2024 में जानकी को 'पशु सखी' की जिम्मेदारी भी सौंपी गई, जिससे उन्हें हर माह 1, 910 रुपए की अतिरिक्त आय हो रही है। इस आय से जानकी न सिर्फ अपने परिवार की जरूरतें पूरी कर रही हैं, बल्कि अपने बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रख रही हैं। जानकी गर्व से कहती हैं, "समूह से जुड़ने के बाद मुझे अपनी पहचान मिली है। अब मैं आत्मनिर्भर हूं और अपने पैरों पर खड़ी हूं। मुझे खुद पर और अपने काम पर गर्व है।" उड़ान महिला संकुल संगठन, सांकरा और प्रकाश महिला ग्राम संगठन, सिरको के सहयोग से जानकी ने जिस संकल्प और आत्मबल के साथ सफलता पाई है, वह आज ग्रामीण महिलाओं के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बन चुकी हैं। उनकी सफलता यह प्रमाणित करती है कि जब महिलाओं को सही अवसर और मार्गदर्शन मिलता है, तब वे न केवल अपनी, बल्कि अपने पूरे समुदाय की तस्वीर बदल सकती हैं।

# गुणवत्ता पर उठे सवालः पिथौरा ब्लॉक के किसानों को मिलने वाले स्पेयर का वितरण अटका

## बरतुंगा स्टोररूम में रखा गया 510 नग स्पेयर, बीज निगम की टीम कर रही जांच

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)**

छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है, लेकिन राज्य के किसानों को दी जाने वाली कृषि सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। पिथौरा विकासखंड के सैकड़ों किसानों के लिए कृषि विभाग द्वारा निःशुल्क वितरण हेतु भेजे गए 510 नग स्पेयर गुणवत्ताविहीन पाए गए हैं, जिससे उनका वितरण रोक दिया गया है।

ये सभी स्पेयर वर्तमान में बरतुंगा स्थित कृषि विभाग के स्टोररूम में सुरक्षित रखे गए हैं। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रोहित कुमार बरिहा ने जानकारी देते हुए बताया कि इन स्पेयर की गुणवत्ता की जांच बीज निगम की टीम द्वारा की जा रही है। जांच पूरी होने तक इनका वितरण नहीं किया जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही उच्च अधिकारियों के निर्देश में आगे की कार्रवाई की जाएगी।







इस मामले पर किसान नेता अजय साहू ने नाराज़गी जताते हुए कहा कि किसानों के नाम पर योजनाएं बनती हैं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर सिर्फ घोटाले हो रहे हैं। गुणवत्ताविहीन स्पेयर भेजना किसानों के साथ खुला मज़ाक है। हम मांग करते हैं कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। ग्रीन ग्राम गबोद के किसान नरोत्तम साहू ने कहा कि हम किसानों को किसी न किसी बहाने से परेशान किया जाता है। यह स्पेयर फसलों में तरल दवाइयां और कीटनाशक छिड़काव के लिए जरूरी है, और अब यही अटक गया है। सरकार को चाहिए कि किसानों की सामग्री पहले ही जांच कर भेजे, ताकि समय पर मदद मिले।

यह पूरा मामला न सिर्फ विभागीय लापरवाही का उदाहरण है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि किसानों के साथ किस स्तर पर खिलवाड़ हो रहा है। ऐसे में देखना होगा कि जांच के बाद दोषियों पर क्या कार्रवाई होती है और किसानों को कब तक गुणवत्तापूर्ण स्पेयर मिल पाता है।

## देवेंद्र बने रविदास मेहर समाज के जिला अध्यक्ष

**पिथौरा।** एक बार फिर रविदास (मेहर) समाज के लोगों ने देवेंद्र रौतिया को महासमुंद जिला अध्यक्ष 409 वोटों के अंतर से भारी बहुमतों से चुनकर निर्वाचित किया गया है। जिला अध्यक्ष निर्वाचित होने पर श्री रौतिया को शुभचिंतकों और परिजनों सहित सामाजिक बंधुओं ने अनेकों माध्यमों से बधाई एवं शुभकामनाएं देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वही देवेंद्र रौतिया ने जिला अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सभी शुभचिंतकों और सामाजिक पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों का आत्मीय आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि संघर्ष कीजिए, शिक्षित बनिए, संगठित रहिए करके समाज को हर क्षेत्र में आगे बढ़ते रहने की बात कही। विदित हो कि बीते 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर पुष्प माला अर्पित कर नमन किया। रविदास समाज का वार्षिक सम्मेलन एवं महासमुंद जिला अध्यक्ष का चुनाव बागबाहरा के टाउन हाल में रखा गया था, जिसमें हजारों की संख्या में सामाजिक लोग एकत्रित हुए।जिला अध्यक्ष पद के लिए 4 प्रत्याशी मैदान में उतरे जिसमें देवेंद्र रौतिया को 524 वोट मिले, दुतिया अजगर को 115 वोट मिले, हरेंद्र मिरी को 21 वोट मिले, वही फ़गनू अजगले को 18 वोट मिले। इस तरह से बहुमत से 75% वोट अकेले देवेंद्र रौतिया को मिले और 409 मतों के साथ विजय हासिल की। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक द्वारकाधीश यादव रहे। वहीं अध्यक्षता विजय मेहरा प्रदेश अध्यक्ष विशेष अतिथि ध्रुव कुमार मिर्धा चर्म शिल्पकार बोर्ड अध्यक्ष, लोकनाथ बारी जिला पंचायत सदस्य, मिथुन अमीर पार्षद, खीरचंद बारी पार्षद सहित नारायण केसरिया, पद्मनी बांधे सरपंच, परमानंद कंदोई, नकुल मेहरा, गणेश केसरिया, लालसिंह रौतिया, प्रेमलाल युगर, अजय मेहर, कुंजल मिर्धा, अज्जू अमीर चेतन रौतिया, फ़गनू अजगले, मूलचंद बांधे, खिलावन मेहरा, राजकुमार युगर, भुवन उग्रे, गोवर्धन रात्रे, रिंकू आमिर नरेंद्र रौतिया आदि सामाजिक लोगों की उपस्थिति रही।



# सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर कर रहे मनमानी : तुषार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने किया जिला मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल का निरीक्षण, मनाही के बाद भी निजी अस्पतालों में सेवाएं दे रहे सरकारी डॉक्टर, शासन के आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं। तुषार साहू ने कहा सरकारी अस्पताल में पर 2 दोपहर के बाद से डिलीवरी, गंभीर बीमारों और दुर्घटनाग्रस्त लोगों के इलाज में परेशानी हो रही है। अस्पताल में 2 दोपहर के बाद डॉक्टर नहीं मिलते। अस्पताल का डॉक्टर ड्यूटी चार्ट दिन और रात में अपडेट नहीं होता। ताकि लोग कॉल करके डॉक्टर को बुला सकें। जिला अस्पताल व मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टर अपनी ड्यूटी पीरियेड में भी अस्पताल से नदारद रहते हुए निजी अस्पतालों में ओपीडी प्रैक्टिस कर रहे हैं।



तुषार साहू आगे कहा जिले में ऐसे कई शासकीय डॉक्टर हैं, जिनका खुद का अस्पताल है, या फिर कुछ अस्पतालों में पार्टनरशिप में काम चल रहा है। बकायदा इन डॉक्टरों निजी अस्पतालों में उन डॉक्टरों नाम और ओपीडी टाइमिंग का बोर्ड चस्पा है। ऐसे डॉक्टरों पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन और जिला चिकित्सा अधिकारी को कड़ाई बरतने की जरूरत है। शासकीय अस्पताल के डॉक्टरों की सेवा लेने वाले निजी अस्पतालों पर भी कार्रवाई की जरूरत है। तुषार साहू ने जब सीएमओ से कॉल में बात किया तो छुट्टी में होने का हवाला दिया। तुषार साहू आगे कहा शासकीय अस्पतालों में सारी सुविधाएं और बेहतर डॉक्टर मौजूद होने के बाद भी शहर में निजी अस्पतालों की बाढ़ सी आ गई है। चूंकि सभी सुविधा होने के बाद सरकारी अस्पताल समय पर डॉक्टर नहीं होने के कारण मरीज परेशान होते हैं। कई बार शासकीय अस्पताल के डॉक्टर और अन्य स्टाफ भी कमीशन के लालच में मरीजों को निजी अस्पतालों में भेज देते हैं। ऐसे ही मनमानी को रोकने यह कदम राज्य शासन द्वारा उठाया जाना चाहिए।

# किसानों को मिल रहे फसल बीमा में भी मांगा जा रहा कमीशनःअंकित

## कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

खल्लारी कांग्रेस नेता व किसान संघर्ष समिति के संयोजक अंकित बागबाहरा ने बताया कि विगत खरीफ फसल में किसानों द्वारा करवाए गए फसल बीमा में विभिन्न सूचनाओं को प्राप्त कर किसानों को दिग्भ्रमित कर बातों में प्रभावित कर किसानों को फसल बीमा हम दिलवा रहे हैं कह कर 20 से 25 प्रतिशत मिलने वाली रकम में कमीशन की मांग की जा रही है।

अंकित ने आरोप लगाया कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार के मुखिया भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की बात कर रहे हैं परंतु ये सिर्फ बातों में है, आज प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में परेशान मेहनतकश किसानों से उनके खून पसीने से कमाई गई मेहनत पर डाका डालने का प्रयास हो रहा है और उसमें भी सबसे ज्यादा जिम्मेदार कृषि, राजस्व के साथ साथ भाजपा पार्टी से जुड़े जनप्रतिनिधि और बीमा कंपनी के कर्मचारी तक इस भ्रष्टाचार में शामिल है।



इसका पता इसी से चलता है कि बकायदा लिस्ट लेकर वो किसानों से मिल रहे है कि आपके नाम से इतना पैसा आया है उसका 20 प्रतिशत हमें दो जबकि तक बागबाहरा कृषि विभाग के बीमा कंपनी की सूची प्राप्त नहीं हुई है। अंकित ने बताया कि बीमा कंपनी से सूची 4 अप्रैल को महासमुंद आ चुकी थी परंतु जानबूझकर आज दिनांक तक ब्लॉक कार्यालय में उपलब्ध नहीं करवाई गई है।

इसका पता तब चला जब पीड़ित किसान जिनको फसल बीमा मिला है उनसे ग्राम के वे दूसरे ग्राम के लोग व्यक्तिगत मिल कर पैसे की मांग करने लगे और नहीं देने पर बीमा की राशि वापस ले ली जाएगी की बात भी हो रही है और अगर पैसे दे दोगे तो आगे दो-तीन साल तक और पैसे दिलाने की गारंटी ले रहे हैं। जबकि किसानों का फसल बीमा से प्राप्त पैसा उनके केसीसी की उधारी में कट गया है तो किसान आखिर पैसा कहां से लाएंगे।

इसकी शिकायत आज अंकित बागबाहरा ने लिखित में कलेक्टर की अनुपस्थिति में उनके कार्यालय में, कृषि डीडीए को व बीमा कंपनी के जिला प्रभारी वर्मा से की है और मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। अंकित ने कहा कि ऐसे लगभग 20 गांव को टारगेट किया गया है, और इसमें मोहंदी, कोलदा, आमानारा, बरबसपुर, कोमा, कसहीबाहरा (फुलवारी) आदि के शामिल होने की जानकारी है, अगर किसानों को परेशान करना बंद नहीं किया गया तो वो उनके साथ आंदोलन करने मजबूर होंगे और किसानों से भी निवेदन किया कि ऐसे किसी भी दबाव में ना आएं और किसी को किसी प्रकार का पैसा फसल बीमा दिलाने के नाम पर ना दें और कोई परेशान करता है तो उन्हें तत्काल इसकी जानकारी दें।

## स्काउटिंग अनुशासित जीवन जीने का कर्तव्य सिखाता हैः तोखन

**महासमुंद।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स बच्चों को सुनागरिक बनाने के साथ साथ बच्चों में आत्मविश्वास, आत्मरक्षा, स्वालंबन और देश व समाज सेवा के साथ स्काउटिंग से कर्तव्य करना भी सिखाता है। उक्त उदगार छत्तीसगढ़ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा राज्य स्तरीय हिमालय वुड बैज धारी स्काउटर गाइडर का एक दिवसीय कार्यशाला बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने व्यक्त की। राज्य मुख्य आयुक्त डा सोमनाथ यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ की स्काउटिंग गतिविधियां विभिन्न कार्यक्रम और शिविरों के माध्यम से गतिशील है, चाहे प्रशिक्षण शिविर हो, हाइक हो, एडवेंचर कैंप हो या राज्यपाल अवार्ड हो। ज्ञात हो कि इस शिविर में ऑनलाइन पंजीयन, प्रगतिपथ, स्काउटिंग में होने वाले नई शिक्षा नीति के तहत विषय, राज्य पुरस्कार की तकनीकी जानकारी, स्काउटर, गाइडर विकासात्मक जानकारी, आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी, जिला स्तर पर की समस्याओं को राज्य कार्यकारिणी में रखना आदि विषय पर चर्चा हुई। छत्तीसगढ़ राज्य के 32 जिला से 200 प्रमुख हिमालय वुड बैज धारी स्काउटर, गाइडर, प्रशिक्षक बिलासपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित इस एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए। इस कार्यशाला में महासमुन्द जिला से व्यास नारायण बंजारे, यशवंत चौधरी, गोकुल नायक, शंकर सिदार, मनोज दीवान, चंद्रकांता ठाकुर, उर्वशी नेताम, सविता सुमन, कुसुम कोटक हिमालय वुड बैज धारी स्काउटर गाइडर शामिल हुए।

# नपा में टैक्स जमा करने ऑनलाइन पोर्टल शीघ्र होगा शुरू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

नगर पालिका में प्रेसिडेंट इन काउंसिल (पीआईसी) की पहली बैठक आयोजित हुई। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में आयोजित इस पीआईसी की बैठक में नगर विकास के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। इसमें महत्वपूर्ण यह रहा कि शहर की प्रमुख आवश्यकताओं को आगामी बजट में शामिल करने की सहमति बनी।

अध्यक्ष साहू की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में नगर विकास का संकल्प सभी पीआईसी मेंबरों ने लिया। बैठक का प्रमुख एजेंडों में नगर पालिका परिषद के लिए ऑनलाइन टैक्स जमा करने नागरिकों की सुविधा हेतु पोर्टल शुरू करने, भवन निर्माण अनुमति 15 दिन के अंतर्गत जारी करने, नहर लिंक रोड निर्माण, जल संकट निवारण हेतु सामग्री क्रय करने, अमृत मिशन 2.0 नवीन फ़िल्टर प्लांट एवं इंटकवेल निर्माण कार्य करने, अटल चौक /अटल परिसर निर्माण की स्वीकृति, विभिन्न उद्यानों का सौंदर्यीकरण, नगर पालिका नवीन भवन निर्माण के लिए पूराना एसडीएम बंगला की भूमि स्वकृति प्रदान करने, अध्यक्ष, पार्षद निधि से मरम्मत के लिए वार्षिक टेंडर सहित अनेक निर्णय लिए गए।



प्रेसिडेंट इन काउंसिल की प्रथम बैठक में प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सभापति सूरज नायक, जयकुमार देवांगन, गुलशन कुमार साहू, जितेंद्र ध्रुव, ईश्वरी भोई, ज्योति रिंकू चंद्राकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित समस्त विभागीय अधिकारी – कर्मचारी उपस्थित थे।

## बाबा साहेब आंबेडकर जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**महासमुंद।** भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती समारोह जिला स्तरीय आयोजन भारतीय बौद्ध महासभा महासमुंद रमाबाई अंबेडकर बौद्ध महिला मंडल महासमुंद। भीम युवा प्रकोष्ठ जिला महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में अंबेडकर अनुयायी गणों की उपस्थिति में आयोजित कर भव्य शोभा यात्रा का आयोजन कर हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।

# साहित्य के क्षेत्र में योगदान के लिए डॉ अनुसुइया को मिला कोसलपुत्री सम्मान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

जय जोहार साहित्य एवं संस्कृति संस्थान एवं वैभव प्रकाशन रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को छत्तीसगढ़ की नारी शक्ति पर केंद्रित पुस्तक कोसल पुत्री के दो भाग सहित चार अन्य पुस्तकों का विमोचन हुआ। इस बहुआयामी आयोजन में छतीसगढ़ की 108 यशस्विनी धरापुत्रियों का सम्मान हुआ। जिनके बारे में कोसलपुत्री प्रथम एवं द्वितीय भाग में संकलित 36- 36 परिचयात्मक लेखों की लेखिकाओं ने गवेषणात्मक श्रम से लेखन किया है। इन महिला नेत्रियों ने शिक्षा, साहित्य, संगीत, लोक साहित्य, लोककला आदि के क्षेत्र में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया है। जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी कौशल्या साय द्वारा डॉ अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद को शिक्षा और साहित्य जगत में अतुलनीय भूमिका निर्वहन के लिए कोसलपुत्री सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर उन्हें सुंदर मोमेंटो भेंट कर, पगड़ी पहनाकर एवं गले में मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। संपादक द्वय डॉ. सीमा निगम और डॉ . तृषा शर्मा ने इस पुस्तक का संपादन किया। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर कहा कि महिलाओं को अपनी रक्षा के लिए स्वयं सजग होना होगा। छत्तीसगढ़ की महिलाएं जीवन के विविध रंगों में लिख रही हैं। आज सभी क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ की महिलाएं आगे हैं। घर परिवार के अलावा राज्य की संस्कृति के संरक्षण में वे अत्यधिक सक्रिय हैं। साय ने अपने अनेक रोचक संस्मरण सुनाए। समारोह की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ साहित्य के मामले में उर्वरा भूमि है। प्रस्तुत पुस्तक अनुसंधान के बाद लिखा गया है इसलिए यह प्रमाणिक इतिहास की तरह है।



विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग की सचिव अभिलाषा बेहार ने लेखिकाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए बधाई दी। प्रारंभ में संयोजक डॉ. सीमा निगम और डॉ. सुधीर शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. रश्मि लता मिश्रा ने साहित्य और संगीत के समन्वय पर बल दिया। मुख्य अतिथि ने कोसल पुत्री, छत्तीसगढ़ कहानी गढ़, गोपा शर्मा की दो पुस्तकों और प्रीति सुरेश मिश्रा के लघुकथा संग्रह का विमोचन किया। समारोह में छत्तीसगढ़ के विविध जिलों की लेखिकाएं उपस्थित थीं।

इस बहु आयामी आयोजन से छत्तीसगढ़ की साहित्य बिरादरी को भावी आयोजनों के लिए दृष्टांत सहित प्रेरणा मिली।

द्वितीय सत्र डॉ. रमेंद्र नाथ मिश्र और डॉ. महेंद्र ठाकुर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। समारोह का संचालन शुभ्रा ठाकुर, डॉ. सीमा अवस्थी, सुमन बाजपेयी आदि ने संयुक्त रूप से किया। संस्था के अध्यक्ष डॉ. सीमा निगम ने अंत में आभार प्रदर्शन किया।

**पेज 11 के शेष...**

## पुलिस की गिरफ्त में...

की तस्दीक के लिए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को रंगे हाथ पकड़ा। गवाहों की उपस्थिति में आरोपी के खेत की तलाशी ली गई, जहां अलग-अलग रंगों की प्लास्टिक जरकिनों में कुल 105 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 21,000 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। फिंगेश्वर पुलिस की इस कार्रवाई में पूरी टीम की विशेष भूमिका रही है। पुलिस ने दोहराया है कि नया सवेरा अभियान के तहत अवैध गतिविधियों पर लगातार सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

## मोर दुआर, साय...

चरण 20 अप्रैल से 28 अप्रैल 2025 तक गांव के नोडल अधिकारी, सर्वेक्षक द्वारा प्रत्येक ग्राम में सभा आयोजित कर सर्वेक्षण की प्रक्रिया का प्रस्तुतीकरण करेंगे। सर्वेक्षक द्वारा अपने प्रभार क्षेत्र में घर-घर जाकर प्रत्येक परिवार का संतृप्तता के आधार पर शत- प्रतिशत परिवारों का सर्वेक्षण करेंगे। साथ ही सर्वेक्षित परिवारों के विवरण का ग्राम सभा में पठन एवं वाचन किया जायेगा। इसके उपरांत तृतीय चरण अर्थात 29 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक सर्वेक्षक एवं सरपंच के संयुक्त हस्ताक्षर से सर्वे कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण होने का प्रमाण-पत्र प्राप्त कर जिला कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे। साथ ही जिन्होने सर्वेक्षण कार्य में दिये विशेष योगदान तथा अभियान के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जायेगा। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने जिले के समस्त सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण विशेष पखवाड़ा (मोर दुआर, साय सरकार महाभियान) के क्रियान्वयन बेहतर तरीके से करे। उन्होंने मोर आवास-मोर अधिकार के अंतर्गत मोर दुआर साय सरकार महाभियान विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा का आयोजन समय सीमा में सर्वे को पूर्ण कराने तथा ग्रामसभा के माध्यम से पात्र परिवारों के चिन्हांकन करने के निर्देश दिये है।

**खबर संक्षेप**

## सरायपाली में डेढ़ लाख का गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** सरायपाली में दो आरोपियों के कब्जे से डेढ़ लाख रुपए का गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने मामले में नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को 15 अप्रैल को सूचना मिली थी कि ओडिशा की ओर से दो व्यक्ति एक मोटर सायकल में अवैध रूप से गांजा परिवहन बिक्री के लिए सरायपाली की ओर आ रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस ने जमबलहीन मंदिर झिलमिला के पास पहुंचकर मुखबिर द्वारा बताये हुलिए के मोटर सायकल हीरो पैशन प्रो क्रमांक ओआर-03-जी-2835 को रोका।
पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम मायाधर नाहक पिता रतन नाहक (35 वर्ष) उपरगुड़ा थाना व जिला बलांगीर ओडिशा, समारू सेठ पिता जन्मो सेठ (32 वर्ष) बरपाली थाना बरपाली जिला बरगढ़ बताएं। आरोपियों के कब्जे से एक सफेद रंग का प्लास्टिक झोले में रखे 03 नग (पैकेट) मादक पदार्थ गांजा वजन 3 किग्रा कीमत 1,50,000 रुपए, घटना में प्रयुक्त एक लाल रंग का हीरो पेशन प्रो मोटर सायकल कीमत 40,000 व मोबाइल जब्त किया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला कायम किया गया ।

### मांग : साधु संतों के बिहार के दौरान सुरक्षा की हो पूर्ण व्यवस्था: शेखर बाफना

# 3 जैन संतों से हुए दुर्व्यवहार से जैन समाज आक्रोशित, दोषियों की गिरफ्तारी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

जैन संत राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है जो छोटे से छोटे जीवों की जीवन भर रक्षा करते हैं और विश्व शांति एवं प्राणी कल्याण का उपदेश देते हैं। वे अहिंसा, संयम और तप का जीवन भर पालन करने वाले संतों के साथ अमानवीय कृत्य सहित मारपीट की गई। जिसका सकल जैन समाज घोर निंदा करता हैं और संतो के खिलाफ किए गए दुर्व्यवहार को देखते हुए नगर सकल जैन समाज के कार्यकारी अध्यक्ष शेखर बखाना के नेतृत्व में सकल जैन समाज महावीर चौक में एकत्रित होकर मोटरसाइकिल रैली निकालते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे। वहां तहसीलदार सृजन सोनकर को महामहीम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा साथ ही कठोर करवाई की मांग की।

सकल जैन समाज ने राष्ट्रपति के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री, केन्द्रीय शासन, मुख्यमंत्री म.प्र. शासन गृह मंत्री म.प्र. शासन, मुख्यमंत्री छ.ग. शासन, गृह मंत्री छ.ग. शासन के नाम ज्ञापन सौंपा। मालूम हो कि 13 अप्रैल की मध्य रात्रि को




शानगच्छ संप्रदाय के 3 जैन संतों श्रीशैलेष मुनि, श्रीमुनिन्द्र मुनि एवं श्रीबलभद्र मुनि के विहार के पश्चात याम सिंगोली नगर के कुछ किमी. पहले कछाला गांव में 3 जैन संतों के साथ जो असामाजिक तत्वों द्वारा अशोभनीय तथा अमानवीय दुर्व्यवहार एवं प्राणघातक हमला किया गया, जो उनके शरीर पर लगे चोटों से स्पष्ट है।

**ये रहे उपस्थित-** ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से पं. ऋषभचंद शास्त्री, ऋखभचंद बोथरा, रमेश चौधरी, शेखर बाफना, किशोर सिंघई, अशोक गंगवाल, राजेश बोथरा, पारस रायसोनी, डॉ. राजेन्द्र गदिया, राकेश चौधरी, सचिन बोथरा, अरिहंत चौधरी, आशीष जैन, निखिल जैन, प्रभात जैन, मनीष रायसोनी, सुनील बंगानी, अजय कोचर, रविन्द्र जैन, सुरित जैन, उगमचंद कोठारी, आलोक पहाड़िया, मनीष जैन, टोनू चौधरी, आकाश गंगवाल, आशीष गोलछा सहित सकल जैन समाज के अनेकों लोग शामिल थे।

### समन्वयवादी दृष्टिकोण वाला है जैन समाज

जैन समाज क्षमाशील और उदार है, लेकिन वह मानवीय मूल्य के प्रति संवेदनशील भी है। प्राणी एवं मानव तो क्या छोटे से छोटे सूक्ष्म जीवों की हिंसा भी जैन संतों को स्वीकार्य नहीं है। जैन संत राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है जो छोटे से छोटे जीवों की जीवन भर रक्षा करते हैं, विश्व शांति एवं प्राणी कल्याण का उपदेश देते हैं। अपने आत्मकल्याण हेतु स्वयं कष्ट सहकर भी किंचित मात्र भी किसी भी प्राणी को तकलीफ नहीं देते। जैन समाज क्षमाशील है, उदार है, समन्वयवादी दृष्टिकोण वाला है, लेकिन वह मानवीय मूल्य के प्रति संवेदनशील भी है। प्राणी एवं मानव तो क्या छोटे से छोटे सूक्ष्म जीवों की हिंसा भी जैन संतों को स्वीकार्य नहीं है, पर्यावरण की रक्षा हेतु अहिंसा, संयम और तप का जीवन भर पालन करने वाले संतों के साथ इस अमानवीय कृत्य की हम सभी घोर निंदा करते हैं। हमारे आदर्श भगवान महावीर के आदर्शों पर चलने वाले उनकी आज्ञा को शिरोधार्य कर यह संत मुनिराज संयमी जीवन के माध्यम से साधना करते हैं। कल सिंगोली संघ के पुलिस एवं प्रशासन द्वारा जो त्वरित कार्यवाही समयानुसार नहीं की गई, जिससे समूचे जैन समाज के सदस्यों में घोर असंतोष व्याप्त है। अपेक्षित वाणी व्यवहार एवं सक्रियता की कमी पुलिस एवं प्रशासन द्वारा देखी गयी जिसकी सकल जैन समाज घोर निंदा करता है ।

# लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर करें पढ़ाई : शिवांगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अतरमरा में कक्षा नवमीं एवं कक्षा ग्यारहवीं के वार्षिक परिक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कक्षा नवमीं में कुमारी देवयानी कंवर ने प्रथम स्थान तथा कुमारी गायत्री साहू, सावित्री निषाद ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 11 वी में प्रथम स्थान अभय तिवारी तथा दूसरा स्थान रानू पटेल ने प्राप्त किया।

■ सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को किया गया पुरस्कृत

इस सफलता को लेकर बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं तथा सफलता प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत वन सभापति श्रीमती शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा कि अनुशासन और व्यवस्थित पढ़ाई से सफलता प्राप्त होती है। तथा अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित कर पढ़ाई से बेहतर बनाने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि अच्छा पढ़ाई कर निरंतर आगे बढ़ कर विद्यालय एवं माता पिता सहित जिला का नाम रौशन करें। उन्होंने सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य के कामना के साथ पढ़ाई पर रूची रखने के लिए अपील की गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य दुलारी साहू, संस्था प्रमुख भवानी प्रसाद देवांगन, टीकम सिन्हा, जगत सिन्हा सहित समस्त स्टाप एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# 2 दिवंगत सचिव को दी गई श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छुरा ग्राम पंचायत सचिव संगठन के अनिश्चितकालीन हड़ताल को एक माह हो चुका है और 9 अप्रैल 2025 से पंचायत सचिवों ने क्रमिक भूख हड़ताल पर चले गए हैं ज्ञात होगी कोरबा जिला अंतर्गत जनपद पंचायत पाली के सचिव राजकुमार कश्यप श्रमिक भूख हड़ताल पर अपने जनपद पंचायत पाली के धरना स्थल पर बैठे थे उसी दौरान राजकुमार कश्यप का हृदय घात से मृत्यु हो गया जिस कारण प्रदेश पंचायत सचिव संगठन में शोक की लहर दौड़ गई और सचिव साथी के मृत्यु होने पर समूचा संगठन काफी आक्रोशित है, राजकुमार कश्यप की मृत्यु के लिए राज्य शासन को जिम्मेदार ठहराते हुए राजकुमार के बलिदान को न्याय दिलाने की बात कहते हुए जनपद पंचायत छुरा के समस्त सचिव साथियों ने धरना स्थल पर ही 2 मिनट का मौन धारण करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित किया।। ब्लॉक अध्यक्ष चेतन सोनकर ने समस्त सचिव साथियों से आह्वान किया कि पंचायत सचिव संगठन अपने एक सूत्रीय मांग शासकीय करण को लेकर संकल्पित है और स्वर्गीय राजकुमार कश्यप जी के संघर्ष संगठन के प्रति उनकी आस्था को संगठन के प्रति उनके समर्पण की भावना को ऐतिहासिक बताते हुए हम सबको उनसे सीख लेने की बात कही हम सब अपने अधिकार शासकीय कारण को लेकर रहेंगे तभी सचिव साथी श्री राजकुमार कश्यप की आत्मा को शांति मिलेगी आज के हड़ताल स्थल में ब्लॉक अध्यक्ष चेतन सोनकर उपाध्यक्ष गजेंद्र साहू काशीराम साहू प्रवक्ता पिला दाऊ पटेल कार्यकारिणी सदस्य झंगलू राम साहू रामगोपाल ध्रुव दिलीप चंद्राकर डेचंद्र अनिल साहू विष्णु साहू रेवा साहू संतोष यादव भूपेंद्र सिंह खेलावन ध्रुव, डेरहा कुर्रे संतोष ठाकुर दुवन तारक खेमन साहू द्वारिका सेन ईसाई राम ध्रुव भीषम कोसले हरिचंद ध्रुव भुवनेश्वर ध्रुव दामोदर सोरी पवन नागेश ताराचंद साहू अखिलेश नेताम घनश्याम यादव भीखम यादव कमल नारायण यादव युवराज साहू उमा दीवान,उषा साहू, दुर्गा ठाकुर खोमेश्वरी साहू कमलाधुव, धनेश्वरी ध्रुव होमिन सेन सहित ब्लॉक के सचिव गण उपस्थित रहे ।

## सभापति का हुआ सम्मान...




राजिम। नगर पंचायत राजिम के युवा सभापति आकाश सिंह राजपूत का भिलाई में आयोजित राजपूत क्षत्रिय महासभा रहटादह आयोजन के दौरान समाज के प्रबुद्धजनो एवं वरिष्ठों द्वारा सम्मान करके आशीर्वाद दिया गया।

# आदिवासी समाज को जागरूक करने के लिए कांग्रेस ने लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर






■ शिविर में शामिल हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया, व प्रदेश कांग्रेस के बड़े नेता

■ कांग्रेस ने लगाया आदिवासी अधिकार एवं सशक्तिकरण शिविर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर छत्तीसगढ़ आदिवासी कांग्रेस द्वारा आदिवासी अधिकार एवं सशक्तिकरण शिविर का आयोजन राजीव भवन ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय आरंग में 11 से 15 अप्रैल तक आयोजित किया गया। देश के 11 राज्यों में आदिवासियो को उनके हक अधिकार पर जागरूक करने के लिए जागरूकता प्रशिक्षण शिविर आयोजित की जा रहा है।

मध्यप्रदेश और तेलंगाना राज्य के पश्चात छत्तीसगढ़ में भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के पदाधिकारियों सभी जिलों से 165 प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त किए प्रशिक्षण हेतु दिल्ली, तेलंगाना, मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों के वक्ताओं ने प्रशिक्षार्थियों के समक्ष अपने विचार रखे। जिनमे से देश की स्वतंत्रता में आदिवासी महापुरुषों का योगदान ,वन अधिकार अधिनियम , पेशा कानून, आदिवासियों की सामाजिक सांस्कृतिक एवं आर्थिक उत्थान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर वक्ताओं ने वक्तव्य दिया गया। आमंत्रित वक्ताओं में प्रमुख रूप से डॉ विक्रांत भूरिया राष्ट्रीय अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस, डॉ बेल्लाईया नायक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस, राहुल बल राष्ट्रीय संयोजक एआईसीसी रामू टेकाम, मध्यप्रदेश आदिवासी कांग्रेस, जनक ध्रुव छत्तीसगढ़ प्रदेश आदिवासी कांग्रेस , पोरलाल खरते मध्यप्रदेश लोकसभा प्रत्याशी, तेलंगाना राज्य से नरेश राठौर कोटिया नाइक, के राणाप्रताप राठौर एवं पी श्रीनू राठौर शामिल हुए पांच दिन की प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षाथियों ने प्रतिदिन शहर के चौंक चौराहो में श्रमदान करके स्वच्छता का पाठ सीखा साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं आदिवासी कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया छत्तीसगढ़ आदिवासी कांग्रेस द्वारा आदिवासी अधिकार एवं सशक्तिकरण शिविर में प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओ ने भी शिरकत की जिनमे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, डॉ चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, पूर्व मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत , पूर्व मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम, विधायक गुलाब कमरों, यू डी मिंझ,आदित्य भगत आदि ने अपनी उपस्थिति दी। आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव ने बताया इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य देश भर के आदिवासी समुदाय को प्रशिक्षित कर उनके हक अधिकार के लिए जागृत करना है।

## कौशल्या देवी साय का स्वागत...



राजिम। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय का धर्मनगरी राजिम आगमन पर भाजपा मंडल राजिम के अध्यक्ष रिकेश साहू ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान राजिम नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर भी मौजूद रही।

# मनुष्य के भीतर काम, क्रोध और अंहकार बैठा है, वही रावण है: सावित्री मंडावी


**छुईहा बेलर।** ग्राम चरभट्ठी में 14 से 17 तक रामचरितमानस संगीत मय सह राम गुणगान का व्याख्या का आयोजन किया जा रहा है। गुरूवार को आयोजन का अंतिम दिवस है। इन तीन दिनो में 18 मानस मंडली की मंचस्थ प्रस्तुति हो रहा है। आयोजन सभी द्वारा विशेष आमंत्रित मानस मंडली, अतिथियों एवं रामायणी संत्संगी का अतिथि मंच में स्वागत की जा रहा है।



बुधवार को साधना सरगम मानस मंडली बहेराबुडा की मंच संगीतमय मानसगन सह व्याख्या कार मधुर स्वर में प्रेरक भजन की गीत में श्रोता झूमने मजबूर हूये। मंच में व्याख्याकार सावित्री मंडावी, मुख्य स्वर गायक लालिमा पटेल,सह बेबी ध्रव,,आर्गन खेमचंद यादव, तबला नागेश ध्रव,पेड डिगेनश्वर ध्रव की समन्वय ने आयोजन में समा बांध दिया। व्याख्याकार सावित्री मंडावी ने कथा प्रसंग से जुड़े प्रसंग में यह वाक्य यह दर्शाया कि काम, क्रोध और अहंकार ही रावण के बुरे कर्मों और विनाश का कारण थे। रावण को हम सब हर वर्ष जलाते हैं। लेकिन मनुष्य के भीतर बैठे काम, क्रोध अंहकार बैठा है जब तक उसे त्याग नहीं होगी रावण जिंदा रहेगा। सावित्री ने आज महिलाओं, नौजवान युवतियों के साथ आज अनाचार, दुराचार हो रही है जो चिंता का विषय है। ये काम क्रोध अंहकारी रावण छोटे बच्ची को नहीं बख्स रहे हैं। ऐसे घटना क्रम को रोकने राम राज्य की कल्पना को साकार करना होगा।

**ये रहे उपस्थित**-कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियो में जनपद सदस्य, पुर्व सरपंच बेलर टायल साहू, टीकम सेन, सह संचालक नेहा साहू, सरपंच राजेन्द्र साहू, महेन्द्र ठाकुर, साहू समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रवीण साहू, मनहरण साहू, आशाकांत रजक, थन्नु साहू, पुर्व सरपंच नेमू साहू, नोमेश्वर साहू, गोवर्धन साहू, राजेश श्रीवास, पंचू यादव, पुष्कर, सीताराम, जीवन साहू, मन्नू साहू, माधव साहू, पुर्व सरपंच ओमप्रकाश साहू, पुर्व सरपंच संगीता साहू, पहाडसिंग, कांशीराम, टिकू राम साहू, सालिक साहू, राजन साहू, तारन मानिकपुरी, विवेक साहू, यशवंत साहू इत्यादि उपस्थित थे।

# डा.आंबेडकर जयंती पर हुई क्विज प्रतियोगिता



**अभनपुर।** संरक्षणम फाउंडेशन द्वारा नवारायपुर मे अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य पर विशाल साईकिल यात्रा एवं कक्षा 6 से 12 के बच्चों हेतु भारत और भारतीय संविधान को जानो क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साईकिल यात्रा का शुभारंभ सेक्टर 27 से मंत्रालय और सेंट्रल पार्क होते सेक्टर 27 मे समापन किया गया। यात्रा का उद्देश्य लोगों को कर्तव्य एवं अधिकारों के साथ संविधान के प्रति जागरूक करना है। क्विज प्रतियोगिता मे बाबा साहब के द्वारा किये गये महत्वपूर्ण योगदान, देश व समाज सेवा,छूआछूत प्रथा जैसे विभिन्न पहलुओ से जुड़े सवाल किये गये थे जिसमे बच्चो ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। संस्था के संस्थापक पवन तिवारी ने बताया इसी कड़ी में नया रायपुर में एक साइकलिंग ग्रुप का निर्माण किया गया है जो प्रत्येक रविवार को सिर्फ साइकिल से यात्रा करती है जिससे पर्यावरण बचाने का संदेश दिया जा रहा है। इस आयोजन में पवन तिवारी के अलावा साइकिलिंग और संस्था के अन्य सदस्य प्रशांत गुप्ता आलोक कुमार उज्जवल कुमार अभिमन्यु सिंह, हर्ष टंडन,रुपेश चंद्र अमित कुमार लोकनाथ साहू सूरज सेन,सौम्या,योग नारायण, कामेश्वर, अभिमन्यु ,शिवम ,आशीष ,संस्कारी , भूमिका सहित अनेकों छोटे बच्चे उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा के न्यायालय में मामला**
**क्रमांकः202504114700066**
**मामले की श्रेणी :- राजस्व**

विषयः- अ-5 सनः- 2024-2025
तामासिवनी प.ह.न. 00005 [(हे.)],
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - जालम सिंह,
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जालम सिंह पिता हरिहरदयाल निवासी ग्राम तामासिवनी द्वारा आवेदन पत्र वास्ते बंदोबस्त त्रुटि सुधार करने बाबत आवेदन पेश किया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम तामासिवनी प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर में ख.नं. 1781 रकबा 0.36 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का पुराना खसरा नंबर 556/1 अंकित है। जो आवेदिका द्वारा खरीदी हक से अर्जित किया गया है। जिसका खसरा नंबर 556/1 रकबा 11 डिसमिल है। बंदोबस्त में नया नंबर दर्ज कर 1781 रकबा 0.36 हे. कर दिया गया है। उक्त भूमि में से 21 डिसमिल भूमि को कम कर दिया गया है। जिसके कारण पूर्व अभिलेख अनुसार बंदोबस्त त्रुटि सुधार किये जाने हेतु आवेदन पेश किया हैं। जिसकी सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 08-05-2025 को नियत है।

उपरोक्त संबंध मे जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा, नियत दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है, बाद मे आये दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
**सृजन सोनकर**
**तहसीलदार**
**गोबरा नवापारा**

**न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा के न्यायालय में मामला**
**क्रमांकः202504114700067**
**मामले की श्रेणी :- राजस्व**

विषयः- अ-5 सनः- 2024-2025
तामासिवनी प.ह.न. 00005 [(हे.)],
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार-शशि कला,
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शशिकला पति जालमसिंह निवासी ग्राम तामासिवनी द्वारा आवेदन पत्र वास्ते बंदोबस्त त्रुटि सुधार करने बाबत आवेदन पेश किया है कि आवेदिका के नाम पर ग्राम तामासिवनी प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर में ख.नं. 1269 रकबा 0.04 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का पुराना खसरा नंबर 396/2 अंकित है। जो आवेदिका द्वारा खरीदी हक से अर्जित किया गया है। जिसका खसरा नंबर 396/2 रकबा 13 डिसमिल है। बंदोबस्त में नया नंबर दर्ज कर 1269 रकबा 0.04 हे. कर दिया गया है। उक्त भूमि में से 3 डिसमिल भूमि को कम कर दिया गया है। जिसके कारण पूर्व अभिलेख अनुसार बंदोबस्त त्रुटि सुधार किये जाने हेतु आवेदन पेश किया हैं। जिसकी सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 08-05-2025 को नियत है।

उपरोक्त संबंध मे जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा, नियत दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है, बाद मे आये दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
**सृजन सोनकर**
**तहसीलदार**
**गोबरा नवापारा**

## विकासखंड स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण विशेष पखवाड़ा (मोर दुआर, साय सरकार महाभियान) के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा महासमुंद में जिला और विकासखंड स्तर पर नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिला स्तर पर जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक को नोडल अधिकारी और अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं अपर कलेक्टर डॉ. रविराज ठाकुर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार से विकासखंड स्तर पर महासमुंद विकासखंड के लिए नोडल अधिकारी एसडीएम हरिशंकर पैकरा, सहायक नोडल अधिकारी सीईओ बरन सिंह मांडवी, बागबाहरा विकासखंड के लिए नोडल अधिकारी एसडीएम उमेश कुमार साहू को, सहायक नोडल अधिकारी सीईओ एमएल मंडावी, पिथौरा विकासखंड के लिए नोडल अधिकारी एसडीएम ओंकारेश्वर सिंह को, सहायक नोडल अधिकारी सीईओ सी.पी. मनहर को, बसना विकासखंड के लिए नोडल अधिकारी एसडीएम मनोज कुमार खांडे को, सहायक नोडल अधिकारी सीईओ पीयूष ठाकुर को और सरायपाली विकासखंड के लिए नोडल अधिकारी नम्रता चौबे (आईएएस) एसडीएम को, सहायक नोडल अधिकारी सीईओ जनपद पंचायत अमित को बनाया गया है।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## जिला पंचायत स्थायी समिति गठन हेतु

**महासमुंद।** जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत स्थायी समितियां नियम, 1994 के नियम 6 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिला पंचायत महासमुंद की स्थायी समिति के गठन की प्रक्रिया के लिए अपर कलेक्टर रविराज ठाकुर को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया है। इस संबंध में निर्वाचन सम्मिलन आगामी 23 अप्रैल 2025 को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। पीठासीन अधिकारी के निर्देशन में यह निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित सदस्यों से समय पर उपस्थित रहने की अपील की गई है, ताकि समिति गठन की प्रक्रिया सुचारु रूप से सम्पन्न हो सके।

## निर्वाचित जनप्रतिनिधियों सम्मान एवं जयंती समारोह कल

**महासमुंद।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा जिला स्तरीय डॉ भीमराव अंबेडकर, दादा नकुल देव ढीढी जयंती एवं सतनामी समाज से निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान कार्यक्रम 18 अप्रैल को शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में 12 बजे से रखा गया है। जिसमें सरपंच, उपसरपंच जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, अध्यक्ष उपाध्यक्ष तथा नगरीय निकाय के पार्षद को सम्मानित करेगी। साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले समाज रत्नों का सम्मान गुरु घासीदास सतनाम धर्म प्रचारक, गुरु अमरदास अध्यात्म, वीर बलिदानी गुरु बालकदास शौर्य, डॉ भीमराव अंबेडकर ज्ञान रत्न, मिनी माता महिला सशक्तिकरण, दादा नकुल देव ढीढी सतनाम अनमोल रत्न, पंथी नर्तक देवादास स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी सोमनाथ टोंडेकर ने बताया कि समाज के मेघावी छात्र जो शिक्षा सत्र 2023-24 में दसवीं बारहवीं में 70% से अधिक अंक प्राप्त किया है। उसका सम्मान भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। जिलाध्यक्ष विजय बंजारे ने समाज के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शामिल होने अपील की है।

### संकट : उदंती में वनभैंसा के संरक्षण और संवर्धन के नाम पर करोड़ो का झोल

# उदंती अभ्यारण में राजकीय पशु वनभैंसा विलुप्ति की कगार पर, मात्र एक शुद्ध नस्ल का वनभैंसा ही बचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के उदंती अभ्यारण दुर्लभ राजकीय पशु वनभैंसो के नाम से प्रसिध्द है। कहते है कि देश में दो ही स्थान पर विशुध्द प्रजाति के वनभैंसे पाये जाते है एक उदंती अभ्यारण और दूसरा असम। लेकिन अब उदंती अभ्यारण अपने वनभैंसो को खोने के कगार पर पहुंच गया है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद विलुप्त प्रजाति के वनभैंसो को राजकीय पशु का दर्जा दिया गया था और इसके संरक्षण तथा संवर्धन के लिये कार्य योजनाएं भी बनाई गई थी।

■ रेस्क्यू सेंटर में वनभैंसो के चारापानी के नाम पर 2008 से अबतक करोड़ो रूपये फूंके

वन विभाग तथा डब्ल्युटीआई द्वारा उदंती अभ्यारण के भीतर लगभग 22 से 25 हेक्टेयर घने जंगल को चारो तरफ बड़े बड़े लोहे का एंगल एवं तार घेरकर बाड़ा का निर्माण सन 2008 में किया गया और इस संरक्षण संवर्धन केन्द्र का जब निर्माण किया गया उस समय लगभग एक दर्जन वनभैंसा उदंती में हुआ करता था बकायदा इन वनभैंसो के स्वास्थ्य के परीक्षण के लिये रायपुर से लेकर दिल्ली तक डब्ल्युटीआई के डॉक्टर समय समय पर पहुंचते थे और तो और वनभैंसो को हरा चारा के साथ विटामिन प्रोटिन और दालिया मक्का सहित कई खाद्य पदार्थ खिलाने में अब तक 10 से 12 करोड़ रूपये खर्च किये जाने की बात सामने आयी है। वनभैंसा संरक्षण संवर्धन केन्द्र के निर्माण के साथ उसके भीतर पानी तालाब व चौकीदार तथा अन्य सुरक्षा में करोड़ो रूपये अलग से फूंके गये है अब जो रिपोर्ट सामने आई है वह चौकाने वाला है उदंती अभ्यारण में एक मात्र वनभैंसा छोटू ही विशुध्द प्रजाति के बताये जा रहे है साथ ही यह रिपोर्ट सामने आते ही जहां एक ओर जिम्मेदारो के पैरो तले जमीन खिंसक गई वहीं डब्ल्युटीआई विभाग के जिम्मेदारो द्वारा कुछ भी कहने से बच रहे है और डब्ल्यूटीआई के डॉक्टर अब क्षेत्र में दिखाई भी नही दे रहे है।




**2007 से पहले उदंती में 62 वनभैंसा दो वर्ष पहले तक 9 अब मात्र एक ?**

उदंती अभ्यारण में सन 2007 से पूर्व 62 वनभैंसा होने की पुष्टि वन विभाग द्वारा की जाती रही है और वन विभाग के गणना में भी 62 वनभैंसा होना बताया जाता रहा है। लेकिन 2007 में हुए गणना में मात्र 7 वनभैंसा होने की पुष्टि के बाद 2008 में वन संरक्षण केन्द्र का निर्माण कर करोड़ो रूपये फूंका गया और 17 वर्षो बाद भी नतीजा सिफर रहा। अब उदंती में एकमात्र शुध्द नस्ल का वनभैंसा छोटू ही बचा है, जो काफी बूढ़ा उम्रदराज और आंखो से कमजोर हो गया है। यानिकी उदंती अभ्यारण अब राजकीय पशु वनभैंसा को खोने के कगार पर है।

### 2023 में वन अफसर के पत्र के बाद खुली विभाग की पोल

उदंती अभ्यारण्य में एक दर्जन वनभैंसा होने का दावा करने वाले लोगो की पोल 2023 में एक पत्र के माध्यम से खुलकर सामने आ गई जब उदंती में सिर्फ एक मात्र छोटु ही शुद्ध नस्ल का वनभैंसा बताया गया इसके पूर्व वनभैंसो के सरंक्षण के नाम पर जमकर शासकीय राशियो का बंदर बाट किये जाने का अंदेशा लगाया जा रहा है जिसका निष्पक्ष जॉच किया जाना चाहिए तो और कई मामले सामने आयेंगे।

### क्या कहते है वन अधिकारी

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने चर्चा में बताया उदंती में वनभैंसो की संख्या घटी है, जो चिंता का विषय है। उन्होने बताया कि वन विभाग द्वारा उदंती में वनभैंसो की संख्या बढ़ाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जा रही है। उदंती के लिए 6 वनभैंसा असम से लाया गया है जिसे बारनवापारा में रखा गया है जिसका दो बच्चा भी हो गया है आने वाले दिनो में उदंती अभ्यारण्य में शिप्ट किया जायेगा। शुद्ध नस्ल के वनभैंसा छोटु से वंशवृद्धि करवाने की प्लानिंग किया गया है। उन्होने कहा पूर्व में वनभैंसो के नाम पर कितना खर्च किया गया इसके बारे में रिकॉर्ड देखकर बतायेंगे।

### ये प्यास है बड़ी...

## चिलचिलाती गर्मी में बंदरों ने कुछ यूं बुझाई अपनी प्यास



**मैनपुर।** इन दिनो तेज गर्मी का कहर जारी है वन्यप्राणी गांव के नजदीक मंडराते दिखाई दे रहे है। तौरेंगा विश्राम गृह में बंदरो का झुंड प्यास बुझाने नल तक पहुंच गये और नल में बकायदा मुंह लगाकर पानी पीते नजर आए। इस तस्वीर को हमारे मैनपुर संवाददाता शेख हसन ने अपने कैमरे में कैद किया।

## हनुमान जन्मोत्सव पर व्यापारी संघ ने कराया हवन पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम मुड़ागांव के बस स्टैंड में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 अप्रैल दिन शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर व्यापारी संघ द्वारा हनुमान मंदिर में हवन पूजन कर प्रसादी वितरण किया गया। जिसके मुख्य आयोजक टिकेश कुमार यदु कृष्ण गोपाल वस्त्रालय और गाविल ध्रुव पटवारी साहब, प्रकाश दत्ता, रूपेश कंसारी (बाबा ज्वैलर्स) राधा रानी फैंसी, राजू यादव, रोहित बर्तन मुड़ागांव द्वारा आयोजित किया। इस अवसर पर ग्राम पटेल पीलू यादव, सरपंच गोदावरी शारदा दीवान, ग्राम अध्यक्ष नरोत्तम विश्वकर्मा, योगेंद भगवती पोर्ते और लाला लक्ष्मी ठाकुर शामिल हुए, जिसमें विशेष सहयोग बजरंग दल का योगदान रहा।

### *हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर में हुआ हवन*

***मुड़ागांव(कोरासी)।*** *ग्राम भेरा में हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर ग्राम के लेखराम पटेल ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जी की मंदिर में हवन पूजन कर हनुमान चालीसा पाठ किया। ग्राम के सभी गणमान्य नागरिक एवं आने जाने वाले सभी राहगीरों को भोजन प्रसादी कराया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों का सहयोग रहा।*



## गर्भवती महिलाओं, दिव्यांगों व बीमारी ग्रसितों को पहले मिलेगी राशन सामाग्री : उप सरपंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

ग्राम पंचायत हरदी के उप सरपंच रुपनाथ बंजारे ने राशन दुकान सोसायटी का निरीक्षण करते हुए सभी हितग्राहियों से जानकारी लिए समय सीमा के अन्तर्गत सबको राशन सामग्री मिलने में कोई परेशानी दिक्कत तो नहीं हो रही है। निरीक्षण में पता चला कि समय के अनुसार सामग्रियों का प्रदान किया जा रहा हैं। बंजारे ने गर्भवती महिला को लाइन में खड़े होते देखा तो उसे तत्काल सामने भेज कर सामाग्री दिलाया और सेल्समेन को कहा जो भी गर्भवती आते हैं राशन लेने तो बिना लाइन में खड़ा किए सामने बुला कर राशन सामाग्री देने को कहा।ताकि गर्भवती माताओ को किसी भी प्रकार के परेशानी दिक्कतो का सामना न करना पड़े।

■ गर्मी को देखते हुए सुबह 8 से 12 बजे तक खुलेगी सरकारी राशन दुकान



वहीं गम्भीर बीमारियों से जूझ रहे लोग और जो दिव्यागों की श्रेणी में आते हैं ऐसे सभी व्यक्तियों को पहले प्राथमिकता देते हुए राशन सामाग्री मिलेगा। जिससे लोगो को समस्या न हो। और राशन सोसायटी दुकान गर्मी को देखते हुए सुबह 8 से 12 बजे तक प्रतिदिन खुलेगी। निरीक्षण के दौरान सेवन ध्रुव वरिष्ठगण, जयसिंह कंवर, एवं सहयोगी लखन तिवारी, विजय तिवारी,चमन यादव आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष गरियाबंद लोकेश्वर यादव, तारकेश्वर साहू,डिगेश्वर साहू ठेकादार,हूमसिंग कंवर,गणपत,हुलस ध्रुव ,तेजराम, बलदेव साहू ,अमर तारक ,हेमू ,टायल यादव ,मेशू तारक, रूपसिंह कंवर, नारायण कंवर,भूपेंद्र कुमार , टिकेश्वर कंवर,बैसाखू ध्रुव,अवध साहू, कमल ध्रुव, तिलक साहू,रहे।



## जनपद सदस्य के प्रयास से मिला हितग्राही को श्रवण यंत्र

**मुड़ागांव(कोरासी)।** जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम रानीपरतेवा निवासी तुलसी राम निषाद को आज 16 अप्रैल दिन बुधवार को जनपद सदस्य पंकज निर्मालकर के प्रयास से जनपद पंचायत छुरा में श्रवण यंत्र दिलाया गया। इस अवसर पर जनपद सी ई ओ चंद्रवंशी एवं ग्रामीण अध्यक्ष सोमन यदू के उपस्थिति में प्रदान किया गया।

## नवापारा में हुआ कांग्रेस का बड़ा सम्मेलन, पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने की शिरकत

**नवापारा-राजिम।** बुधवार दोपहर पीसीसी के पूर्व चीफ पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू के नवापारा स्थित कार्यालय संगवारी में नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष संध्या राव द्वारा धनेंद्र साहू एवं पार्षदों का आभार कार्यक्रम रखा गया जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, सभी कांग्रेस के पार्षद एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ने पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से यह नया दायित्व मिला है। अतएव मुझ पर विश्वास कर मुझे नेता प्रतिपक्ष बनाया है मै विश्वास दिलाती हूं कि इस विश्वास पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करूंगी। पार्टी का जो निर्देश होगा उसका पालन करते हुए सभी कांग्रेस के साथियों तथा पार्षदो के साथ मिलकर काम करूंगी। इस अवसर पर संध्या राव ने पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू, सभी पार्षद,कांग्रेस के पदाधिकारियों,कार्यकर्ताओं,बूथ अध्यक्षों व अपने वार्ड नं 4 के सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान की। कार्यक्रम में मौजूद पत्रकारो का सम्मान शॉल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।



**ये थे उपस्थित** - कार्यक्रम में ब्लॉक कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा,नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग,जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व सभापति रमेश तिवारी,जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रामा यादव,सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष शेखर बाफना,जिला पंचायत के पूर्व सदस्य अरूणा शुक्ला,पूर्व पार्षद स्वर्णजीत कौर, पार्षद अजय साहू,रामरतन निषाद, अर्जुन साहू,फागुराम देवांगन, हेमंत साहनी, तरूण कंसारी, टिकेश्वर गिलहरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जनता के मौलिक अधिकार के लिए सामने आएं - धनेंद्र साहू

इस अवसर पर पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू ने नेता प्रतिपक्ष संध्या राव एवं सभी पार्षदो से कहा कि नगर की जनता के समस्याओं पानी, बिजली, सड़क, नाली, जो उनका मौलिक अधिकार है। उसे नगर पालिका में उठाने के लिए निर्देश किया। बूथ अध्यक्ष वार्ड अध्यक्षों को चुनाव में बहुत अच्छा मेहनत करने के लिए तारीफ किया। श्री साहू ने कहा कि जनता के साथ जुड़े रहे उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को पूरी करने के लिए नगर पालिका में दबाव बनाएं। शहर में जो भी समस्याएं सामने आती है उसके हल करने के लिए एकजुट होकर काम करे। इसी तरह वार्ड के समस्याओं को लेकर आप नेता प्रतिपक्ष संध्या राव के पास जा सकते है ,संगठन को बतला सकते है मेरे भी ध्यान में इसे ला सकते है, मै हमेशा आप लोगो के साथ हूं,हमेशा उपलब्ध हूं।

## ग्राम सभा में ग्राम विकास के मुद्दों पर पारित हुए 39 प्रस्ताव

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम रानीपरतेवा में आयोजित ग्राम सभा 14 अप्रैल 2025 का एक दृश्य जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा और पानी के साथ ग्राम विकास के विभिन्न मुद्दों पर कुल 39 प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें मुख्य रूप से रानीपरतेवा में महाविद्यालय खोलने, ग्रामीण जल आवर्धन योजना के तहत सुखानदी से पानी लाकर पेयजल की समस्या का निपटारा करने, बाढ़ नियंत्रण एनीकेट,मिनी स्टेडियम, कन्या हाईस्कूल, पुलिस चौकी की मांग सहित अनेक मांग शामिल हैं। इस ग्राम सभा में सभापति के रूप में अध्यक्ष रुक्मिणी ध्रुव, जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर, सरपंच हेमलाल नेताम, ग्रामीण सभा अध्यक्ष सोमन यदु, ग्राम सभा के प्रभारी अधिकारी थानेश्वर निर्मलकर, ग्राम प्रभारी गोदावरी कंवर, पूर्व ज.स.प्रहलाद यदु, पूर्व सरपंच केशरी नेताम , ग्राम पटेल साधूराम निषाद, उपसरपंच अमृत बाई दीवान, डॉ राहुल साहू, श्यामाचरण दीवान लक्ष्मी सोनकर, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार साहू, प्रकाश पटेल,रमन नामदेव,झनेश्वरी साहू चमेली मरकाम,अनुसूईया मरकाम, जेठूराम,कोमलगिरी,नरेश साहू, तेजराम साहू, टंकेश्वर मरकाम,राजकुमारी दीवान, मुक्ति बाई मरकाम,पार्वती सहित बहुत संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।



## रामायण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व पीसीसी चीफ धनेंद्र साहू ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

सुंदरकेरा में आयोजित रामायण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू का समूचे ग्रामवासियो ने आत्मीय स्वागत किया। श्री साहू सबसे पहले भगवान श्रीराम दरबार की पूजा अर्चना कर अपना सिर झुकाकर प्रणाम किया और उपस्थित धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं तथा ग्रामवासियो को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम एवं समाज में उन्नति एकता और भाईचारा तथा समरसता का वातावरण बनाने में धर्म का बहुत बड़ा योगदान है। क्योंकि यही से मानव जीवन को पुण्य कार्य करने का अवसर प्राप्त होता है। जो मानव जीवन का उद्धार करता है। श्री साहू ने कहा कि जब-जब धरती में अत्याचार हुआ तब-तब कोई न कोई भगवान के रूप में अवतरित हुए तथा धर्म की रक्षा की है। कहा कि इसी बात को जन-जन तक मंच के माध्यम से रामायण के ज्ञाता, विद्वान एवं विदुषियो के द्वारा धर्म का प्रचार करने आने वाले नए पीढ़ी के जीवन को सार्थक बनाने का कार्य किया जा रहा है। निःसंदेह यह बहुत ही प्रशंसनीय कार्य है। इससे आने वाला भविष्य सुनहरा प्रतीत हो रहा है। पूर्व मंत्री श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस शासन काल में भगवान श्रीराम वनगमन के पद चिन्ह स्थलों को संवारने एवं उकेरने का काम किया गया। जो आने वाले नया पीढ़ी को भगवान श्रीराम की कथा के प्रति समर्पित एवं धर्म के प्रति आस्था में विकसित होने के रास्ते को प्रमाणित करता है।



■ समाज में उन्नति, एकता, भाईचारा व समरसता का वातावरण बनाने में धर्म का बड़ा योगदान - धनेंद्र साहू

### ये रहे मौजूद

पूर्व मंत्री श्री साहू के साथ कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू ,ब्लाक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण के अध्यक्ष गिरधारी साहू ,चित्रलेखा-दीपक तारक जनपद सदस्य,मोहन देवांगन,धनेश्वर, मन्नू टंडन सरपंच,कमलेश यादव उपसरपंच,नत्थू साहू पूर्व जनपद सदस्य,संजू साहू पंच,भुनेश्वर साहू,दीपक दिवाकर,गोवर्धन यादव,देवा यादव,श्री राम ।ध्रुव,नीलकंठ साहू,गिरधारी साहू,महेंद्र साहू,अजय यादव,टिकेंद्र साहू,चंद्रहास पटेल,ओमप्रकाश साहू,लोकनाथ मनहरे,देवलाल यादव,ओमप्रकाश साहू,खगेश साहू,कमलेश पटेल,भारत ध्रुव,कल्पना साहू,तोमिन साहू, सुखबती तारक सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

